एक नजर में

रविदास संदेश यात्रा का करेंगे स्वागत

पचोर 30 अगस्त, सं. संत रविदास जयंति उत्सव के अंतर्गत आज 31 अगस्त सोमवार दोपहर 12 .00 बजे संत रविदास संदेश यात्रा पचोर मंडल में प्रवेश करेगी . पचोर मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं से निर्धारित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर यात्रा का भव्य स्वागत करने की अपील की है . उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, सुदर्शन कृष्ण सोनी, अरुण खत्री मंडल महामंत्री ने बताया कि दोपहर 12 बजे दोबड़ा जागीर, 1 बजे विडलावनिया, 2 बजे बाबल्दी, सुल्तानिया, 3 बजे उदनखेड़ी में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे .

मेजर ध्यानचंद को याद किया

पचोर 30 अगस्त, सं. वीर सावरकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया . कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया . आयोजन यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, खेल विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ . प्राध्यापकों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों ने उनके खेल जीवन, उपलब्धियों तथा देश के लिए योगदान को याद कर श्रद्धांजलि दी . खेलों में नियमित सहभागिता से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है . वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो . शांतिलाल चंद्रवंशी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण के बल पर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया . विद्यार्थियों को खेल भावना का संदेश कार्यक्रम में डॉ . ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ . महेश कुमार मालवीय, डॉ . राजमल नागर, महेश कुमार सोनी, राजेश जोशी, प्रशांत पाटीदार, पूजा पाटीदार सहित महाविद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारी, खिलाड़ी और विद्यार्थी मौजूद रहे . संचालन रविंद्र मेवाड़ा ने किया तथा आभार नारायण अहिरवार ने व्यक्त किया .

बैरसिया, मधुसूदनगढ़ से निकलेगा विदिशा-कोटा एक्सप्रेसवे

सुठालिया क्षेत्र के यात्रियों के लिये राजस्थान से दूरी होगी कम, बीनागंज-चांचौड़ा के लिए होगा अधिक सुविधाजनक

4600 करोड़ रुपए आएगी लागत, साढ़े तीन घंटे तक का समय बचेगा
349 किमी की दूरी रह जाएगी केवल 275 किमी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 30 अगस्त, का. विदिशा-कोटा एक्सप्रेस वे की नवीन स्वीकृति से राजगढ़ जिले के सुठालिया क्षेत्र से जुड़े लोगो को भी राहत मिलेगी. उनकी राजस्थान जाने की दूरी कम हो जायेगी. फिलहाल इस क्षेत्र के लोग ब्यावरा होकर इकलेरा-झालावाड़-कोटा जाते है. नये एक्सप्रेस-वे बन जाने के बाद करीब 30 किमी की दूरी कम हो जायेगी.

उल्लेखनीय है कि विदिशा-कोटा एक्सप्रेस-वे निर्माण की घोषणा करीब छ माह पूर्व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने विदिशा आगमन के समय की थी. तभी से यह आशंका, अटकले लगाई जा रही थी कि विदिशा से कोटा जाने का मार्ग कौन सा होगा. सोशल मीडिया में भी इस मार्ग को लेकर भ्रांतियां चल रही थी लेकिन विदिशा सांसद और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यालय से इस मार्ग की पुष्टि बैरसिया-मधुसूदनगढ़ से होकर चाचौड़ा -इकलेरा के रूप में होने से यह तय हो गया है कि इस नये एक्सप्रेस-वे मार्ग का लाभ जिले के सुठालिया क्षेत्र और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोगो को सर्वाधिक मिलेगा. इन क्षेत्रों के लोगो को 30 से 35 किमी तक की राजस्थान दूरी कम और सुविधाजनक हो जायेगी.

गौरतलब है कि सुठालिया-मधुसूदनगढ़ अथवा सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के लोगो को कोटा जाने के लिये ब्यावरा से होकर निकलना ही बेहतर विकल्प था. अब यह नया मार्ग बन जाता है तो उनके लिये इकलेरा-झालावाड़ और कोटा राजस्थान जाना अधिक सुविधाजनक हो जायेगा.

इस मार्ग से एक तो करीब 30 से 35 किमी तक की दूरी कम हो जायेगी और दूसरा 30 से 40 मिनिट का अतिरिक्त समय भी बचेगा. इस नये मार्ग से राजस्थान जाने के लिये एक ओर सुविधाजनक हाईवे हो जायेगा. फिलहाल केवल ब्यावरा से इकलेरा-कोटा वाला मार्ग ही सुविधाजनक है. इसके अलावा बीनागंज से मनोरथाना, कुंभराज से छबड़ा, फतेहगढ़ से बांरा होते हुए भी कोटा राजस्थान पहुंचने का मार्ग है लेकिन जो सुविधाजनक मार्ग ब्यावरा से होकर जाने वाला ही है.

ऐसे में अधिकांश गुना जिले , विदिशा जिले के यात्रियों को कोटा जाने के लिये ब्यावरा से होकर ही गुजरना पड़ता था. अगर यह नया एक्सप्रेस वे चाचौड़ा से होकर गुजरता है तो उस क्षेत्र के लोगो के लिये कोटा पहुंचना और सुविधाजनक हो जायेगा.

चांचौड़ा विधायक प्रियंका पैची के प्रयास भी आए काम

विदिशा कोटा एक्सप्रेस वे की स्वीकृति में चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैची के प्रयास भी असरकारक रहे है . यद्यपि उन्होंने अपने क्षेत्र मधुसूदनगढ़-बीनांगज-चाचौड़ा से इकलेरा तक के मार्ग को दुरूस्त करते हुए टू लेन बनाने की मांग नितिन गड़करी से दिल्ली जाकर की थी . इस मांग को केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का समर्थन मिल जाने से यह मार्ग विदिशा से कोटा तक स्वीकृत हो गया और इसे एक्सप्रेस वे के रूप में विकसित करने से चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र के लोगो के लिये सोने पर सुहागा साबित हो गया है .

परिवहन के साधन बढ़ेंगे, ट्रांसपोर्टेशन बढ़ेगा

विदिशा-कोटा एक्सप्रेस वे की स्वीकृति से एक ओर जहां विदिशा , गुना जिले के यात्रियों को सुविधा होगी और परिवहन के साधन बढ़ेंगे वहीं दूसरी ओर इस मार्ग से ट्रांसपोर्टेशन भी बढ़ेगा . वर्तमान में जो मार्ग मनोरथाना होकर इकलेरा जाने वाला है वह संकरा, पथरीला, पहाड़ी से होकर गुजरने वाला है . इस कारण भारी वाहनों का वहां से गुजरना काफी कम होता है . नये मार्ग से उन्हें भी सुविधा हो जाने से ट्रांसपोर्टेशन के लिये भारी वाहनों की आवाजाही भी बढ़ेगी .

मादक पदार्थ के कारोबार में भी लगेगा अंकुश

नये एक्सप्रेस वे से राजस्थान से आने वाले मादक पदार्थो पर भी अंकुश लग सकता है . उल्लेखनीय है कि वर्तमान में मनोहरथाना वाला मार्ग राजस्थान से मध्यप्रदेश को जोड़ता है . इस मार्ग की हालत खस्ता होने से यहां पुलिस, नारकोटिक्स की कोई विशेष चैकिंग नहीं होती है . नये मार्ग से टोल टैक्स आदि आधुनिक चेकिंग व्यवस्था होन से यह भी संभावना है कि इस मार्ग से होने वाली मादक पदार्थो जैसे अफीम, गांजा आदि की तस्करी पर भी अंकुश लग सकता है .

नलजल योजनाओं का किया जा रहा निरीक्षण

राजगढ़ 30 अगस्त, का. मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले की एकल नलजल योजनाओं का ग्राउंड जीरो पर जाकर वास्तविक निरीक्षण किया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान अधिकांश नलजल योजनाओं में बोरवेल के माध्यम से पानी उपलब्ध होना पाया गया. वहीं कुछ ग्राम पंचायतों में पेयजल स्रोत में पानी नहीं होने की समस्या बताई जा रही थी, जिसकी मौके पर जांच की गई. जांच के दौरान सामने आया कि कुछ स्थानों पर नलजल योजना के संचालन में समस्या पानी की कमी के कारण नहीं, बल्कि अन्य कारणों से आ रही है. जिन स्थानों पर बोरवेल में पानी नहीं होने की स्थिति पाई जा रही है, उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अवगत कराया जाएगा. इस सप्ताह गोकुलपुरा, खेड़ा, पाडल्या दान, बोकड़ी, भरेड़, पनिया, खेड़ी, चारपुरा, बावडया, मानपुरा, माना, गनियारी, कडया मित्रसेन, मंडली, भवानीपुरा, कुदाली, मुंडला, बारोल, बढ़बेली, प्रतापपुरा, आंखखेड़ी, पीलूखेड़ी, चांदबढ़, आगर, भवास, मालावर, सिलेपुर, मोरिखो, पातालपानी, मोयलीकला सहित अन्य ग्रामों की नलजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया.

अब हर रविवार थानों में स्ट्रेस मैनेजमेंट के साथ समीक्षा

हर रविवार थाना परिवार से सुदृढ़ हो रही पुलिसिंग

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 30 अगस्त, का. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में रविवार को जिले के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालयों में 'हर रविवार, थाना परिवार' पहल के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस पहल का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, आपसी समन्वय, अनुशासन, टीम भावना एवं कार्यक्षमता को बढ़ावा देने के साथ-साथ लंबित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के माध्यम से नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना है.

हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान से हुई सकारात्मक शुरुआत

रविवार की गतिविधियों की शुरुआत विभिन्न थाना एवं पुलिस कार्यालयों में हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र के साथ हुई. हार्टफुलनेस टीम के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग, प्राणायाम, रिलेक्सेशन एवं सामूहिक ध्यान किया. इस दौरान 'ध्यान का अभ्यास' पुस्तक का वाचन भी किया गया.

पुलिसकर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर तनावमुक्त कार्यशैली, सकारात्मक सोच एवं बेहतर कार्यकुशलता विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया.

पुलिस अधीक्षक ने थाना नरसिंहगढ़ के पुलिस स्टाफ के साथ योग एवं ध्यान गतिविधि में सहभागिता की. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे ने थाना कुरावर स्टाफ के साथ ध्यान एवं योग किया.

डायल-112 एवं पुलिस व्यवस्थाओं की समीक्षा

थाना परिसरों की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही डायल-112 वाहनों की स्थिति एवं रख-रखाव की समीक्षा कर उन्हें सदैव कार्यशील एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए तत्पर रखने पर विशेष जोर दिया गया.

पीपलहेला में 45 शिकायतों का मौके पर निराकरण

ब्यावरा 30 अगस्त, का. मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत अनुभाग ब्यावरा के ग्राम पीपलहेला में शनिवार को अनुभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में अनुभाग ब्यावरा के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. शिविर में अधिकारियों द्वारा लंबित शिकायतों को लेकर संबंधित हितग्राहियों से सीधे चर्चा की गई तथा मौके पर ही शिकायतों का निराकरण किया.

चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश, जीआरपी ने रोका

ब्यावरा रेलवे स्टेशन का मामला, गुना के यात्री के लिए ट्रेन रोकी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 30 अगस्त, का. त्यौहारों के चलते इन दिनों बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भारी आवाजाही देखी जा रही है. ऐसे में लोग अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए किसी भी सूरत में वाहन में चढ़ना चाहते है. इसके चक्कर में कई बार जान भी जोखिम में पड़ जाती है.

मामला ब्यावरा रेल्वे स्टेशन पर रविवार शाम साढ़े चार बजे सामने आया. यहां नागदा से चलकर बीना की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में काफी भीड़ थी. एक सवारी कुछ देर के लिए ब्यावरा में उतरी. जैसे ही ट्रेन चलने लगी सवारी दौड़कर ट्रैन के गेट को पकड़ने लगी. अधेड़ व्यक्ति की आयु करीब 50 वर्ष बताई जा रही है.

वे ट्रैन के गेट को पकड़ने के लिए असंतुलित होने लगे. इसी बीच जीआरपी के जवान ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें रोका और समझाईश दी. हालांकि इस दौरान वे जीआरपी के जवान से बहस करने लगे. बाद में उनके साथ आई युवती ने अपनी गलती मानी और समझाया. आगे जाकर प्लेटफॉर्म पर ट्रेन रोकी गई और उन्हें चढ़ाया गया. जीआरपी जवान की सूझबूझ से हादसा टल गया.

विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक में अध्यक्ष चयनित

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 अगस्त, का. श्री विश्वकर्मा लोहार समाज विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को राजगढ़ में समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई. बैठक में जिले की पांचों तहसीलों से समाजजन शामिल हुए. इस दौरान सर्वसम्मति से फूलचंद विश्वकर्मा को समाज का जिला अध्यक्ष चुना गया.

बैठक में समाज के उत्थान और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई.समाज में मृत्यु भोज पर पाबंदी लगाने, सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने तथा समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव और मत रखे. बैठक में कार्यकारिणी का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें देवी सिंह विश्वकर्मा को सचिव, कपिल झरिया एवं हेमराज विश्वकर्मा ब्यावरा को उपाध्यक्ष, राम लक्ष्मण विश्वकर्मा सेमली, बृजमोहन विश्वकर्मा सुठालिया को सदस्य, बलराम विश्वकर्मा ब्यावरा को सहसचिव, डॉ. रामबाबू विश्वकर्मा को महामंत्री, रामबाबू विश्वकर्मा खुजनेर, अमित विश्वकर्मा ब्यावरा, चंद्रशेखर सजनिया कोषाध्यक्ष राजगढ़, पप्पू विश्वकर्मा और सुनील विश्वकर्मा को विभिन्न दायित्व सौंपे गए. नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज को एकजुट कर उसके विकास और उत्थान के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया.

विहिप महिला शक्ति ने पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 10 अगस्त, का. रक्षाबंधन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने रविवार को पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा. पुलिसकर्मियों को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगल तिलक लगाया गया.

बहनों ने पुलिसकर्मियों के स्वस्थ, प्रसन्न और दीर्घायु की कामना की. रक्षा सूत्र बांधने के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से महिलाओं और बहनों की सुरक्षा को लेकर भरोसा दिलाया. पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा एवं नारी स मान के लिए हरसंभव सहयोग का वचन दिया. इस अवसर पर मातृशक्ति जिला सह संयोजिका ऋषिका अहिरवार, नैना विश्वकर्मा, राखी विश्वकर्मा, कनिष्क नरूका, अंशिका, अन्वी, पदाधिकारीगण

शैलेंद्र नरूका, देवराज दांगी, संजय शिवहरे, प्रशांत गवली, सोनू धनोलिया , धर्मेंद्र साहू मौजूद रहे.

पर्यावरण से प्रेम, कुरुतियों से दूरी जरूरी

पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने पौधारोपण पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 30 अगस्त,का. हमें सदैव पर्यावरण से प्रेम करना चाहिए और कुरूतियों से दूरी बनाना चाहिए. इससे ही समाज का भला हो सकता है. ऐसा करने से आने वाली पीढ़ी के लिये हमारा एक बेहतर योगदान होगा.

उपरोक्त बात पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने रविवार को ग्राम निवानिया में अहीर यादव वंशीय राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट उज्जैन के सहयोग से गौशाला स मेलन स्थल पर पौधारोपण कार्यक्रम पर बोलते हुए कही. उपरोक्त कार्यक्रम यादव समाज द्वारा आयोजित किया गया था. उन्होंने कहा कि यादव समाज समाज में इस प्रकार के चेतना जगाने के कार्य करता रहता है. इसमें और भी बढ़ोत्तरी की जरूरत है. इस प्रकार के कार्य न केवल यादव समाज बल्कि समूची मानवजाति के लिये तथा प्रदेश एवं राष्ट्र के हित में भी है. उन्होंने सामाजिक एकता पर पुरजोर समर्थन करते हुए समाज विकास के कार्यों में सबको सहयोग करने की अपील की.

इस दौरान यादव धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल यादव, कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव ने सामाजिक कार्यों की जानकारी समाज बंधुओं को दी. इस अवसर पर यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, पुरुषोत्तम यादव करनवास, गुलाबसिंह यादव बोडा, सरपंच रमेश यादव तलावली, सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेडी, रमेश यादव भाटखेड़ी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा, सरपंच लखन यादव निवानिया, जनपद सदस्य लखन यादव निवानिया, पूर्व सरपंच जगदीश यादव बरखेड़ा, गोकल यादव, उप सरपंच सत्यनारायण यादव सहित बड़ी सं या में समाज के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

रोकथाम मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए अभियान जारी, डोर टू डोर पहुंच रहे

वायरल में चिकनगुनिया का असर, स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 अगस्त, का. जिले में मौसम जनित एवं वाहक जनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के समन्वय से अभियान निरंतर चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गतदिवस को अधिकारियों की उपस्थिति में मैदानी कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया.

प्रशिक्षण में मैदानी कार्यकर्ताओं को आवश्यक रिपोर्टिंग प्रपत्र, प्रचार-प्रसार सामग्री, बुखार जांच किट, लार्वा सर्वे प्रपत्र तथा लार्वा सर्वे करने की विधि, लार्वा विनष्टीकरण, कीटनाशक दवा के छिड़काव एवं फॉगिंग मशीन से फॉगिंग करने की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया.

शहरी क्षेत्र के बाराद्वारी पुरा वार्ड में टीम गठित कर डेंगू पॉजिटिव मरीज के घर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, जल निकासी, लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण, कीटनाशक दवा का छिड़काव, धूम्रीकरण एवं फॉगिंग की कार्रवाई निरंतर की जा रही है.बाराद्वारी क्षेत्र में संदिग्ध पॉजिटिव बुखार के मरीज से संपर्क करने पर उसके पूर्णत: स्वस्थ होने की पुष्टि भी की गई है. मैदानी अमले द्वारा अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुबह के समय फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनष्टीकरण की कार्रवाई तथा शाम के समय फॉगिंग की जा रही है. साथ ही जनसमूह को मौसमी एवं मानसूनी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और कहीं भी पानी का जमाव न होने दें . घरों में रखे घड़े, मटके, पानी की टंकियां, कूलर एवं पुराने टायरों में जमा पानी को प्रत्येक सात दिवस में खाली करें . गंदे पानी की नालियों में मच्छरों के लार्वा की रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार जला हुआ इंजन ऑयल डालें . सुबह-शाम नीम की पत्तियों का धुआं करें, शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें तथा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें . विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए अपने घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें .